


## भिलाई नगर के यस बैंक में 165 करोड़ के घोटाला मामला

# यस बैंक घोटाला मामले को सीबीआई को सौंपने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



भिलाई नगर के बहुचर्चित लगभग 165 करोड़ के यस बैंक घोटाले के मामले में हाईकोर्ट में चल रही आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए डिवीजन बेंच ने संपूर्ण जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इस संबंध में 56 पृष्ठ का आदेश जारी कर दिया है।

इस आदेश में राज्य सरकार द्वारा की जा रही जांच पर असंतोष सहित यस बैंक द्वारा लीपापोतीपूर्ण कार्यवाही करने और तथ्यों को छिपाने की बात का उल्लेख करते हुए कोर्ट ने यह माना कि ऐसी स्थिति में सीबीआई की जांच के अतिरिक्त कोई दूसरा रास्ता नहीं है। कोर्ट ने अपने आदेश में सारे दस्तावेज और जानकारियां दुर्ग, भिलाई के पुलिस कप्तान को सीबीआई को सौंपने के लिए आदेश दिया है, जिसमें अनिमेष सिंह द्वारा की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट और हितेश चौबे द्वारा किए गए काउंटर प्रथम सूचना रिपोर्ट की संपूर्ण जानकारी सीबीआई को देने कहा गया है। कोर्ट के आदेश में याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और समस्त कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी दी गई है। संपूर्ण मामले में जिन-जिन व्यक्तियों, कार्यालयों और अधिकारियों के साथ प्रकरण के संबंध में लिखा पढ़ी हुई थी इसका विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है।

याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्रा ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जिस मामले को कभी गंभीरता से शासन द्वारा लिया नहीं गया, उस मामले में अंततः सीबीआई की जांच का आदेश किया जाना यह सिद्ध करता है कि यह प्रकरण छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल लाने वाला प्रकरण अवश्य है। प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य दूध का दूध और पानी का पानी करना था। ईमानदार, चरित्रवान और निष्ठावान लोग राजनीति में प्रवेश करें और अपराधियों को उनका सही स्थान मिलें यही अपेक्षा थी। पूर्व की कांग्रेस सरकार और उसके बहुत से नेताओं ने इस पूरे प्रकरण में न सिर्फ आंख मूंद रखी थी बल्कि झूठे तथ्यों के आधार पर न्यायालय को गुमराह करते रहे। सीबीआई जांच उच्च न्यायालय की अभिरक्षा में होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उच्च न्यायालय ने इस संबंध में सीबीआई को एक अलग प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। 7 अप्रैल 2026 को पुनः सुनवाई का आदेश जारी किया गया है।

### कोर्ट ने जाहिर की थी नाराजगी

मामले का तकनीकी पहलू जिस पर चीफ जस्टिस ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी, वह था कि यस बैंक सुपेला शाखा भिलाई द्वारा अनिमेष सिंह के नाम पर खोले गए खाते में प्रत्येक लेनदेन का नाम सहित संपूर्ण विवरण देने कहा गया था, किन्तु यस बैंक द्वारा जानकारियां न सिर्फ छिपाई गईं, बल्कि मनमाने ढंग से शासन की जांच के समक्ष दी गई। सरकार की जांच भी केवल पोस्टमेन की तरह लिखापढ़ी कर चल रही थी। इस कारण चीफ जस्टिस ने अंततः सीबीआई जांच का आदेश दिया है।

## परीक्षा को देखते हुए बारहवीं के स्टूडेंट को दी सशर्त जमानत

40 लीटर महुआ शराब रखने के जुर्म में पुलिस ने बारहवीं क्लास के एक स्टूडेंट्स के खिलाफ मामला बनाया और उसे जेल में डाल दिया। छात्र 22 फरवरी से जेल में बंद था। छात्र ने अपने आपको निर्दोष बताने के साथ ही बोर्ड परीक्षा का हवाला देते हुए जमानत की गुहार हाईकोर्ट में लगाई थी। जमानत याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के सिंगल बेंच में हुई, जिसमें कोर्ट ने छात्र को सशर्त जमानत दे दी। सरायपाली क्षेत्र की पुलिस ने सूचना के आधार पर छात्र के घर छापामार कार्रवाई की। छापा के दौरान पुलिस ने छात्र से 40 लीटर महुआ शराब जब्त करने का दावा किया और छात्रा के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। जमानत याचिका पर सुनवाई दौरान छात्र की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उसे झूठा फंसाया गया। जिस स्थान से शराब बरामद बताई गई वह घर के पीछे खुला क्षेत्र था जहां से लोगों की आवाजाही होते रहती है। किसी ने शराब रख दी होगी, पुलिस ने उसे उसका बता दिया। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता के पास से सचेत कब्जा साबित करने वाला कोई ठोस सबूत नहीं है। याचिकाकर्ता छात्र 12 वीं कक्षा का स्टूडेंट हैं और उसकी परीक्षाएं इसी महिने से शुरू होने वाली है। शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के लॉ अफसरों ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि अभी आरोप पत्र दाखिल नहीं हुआ। पुलिस द्वारा बरामद शराब की मात्रा अधिक है इसलिए जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि आरोपी याचिकाकर्ता एक छात्र है कोई आपराधिक पृष्ठभूमि भी नहीं है। स्टूडेंट की परीक्षा नजदीक है ऐसे में उसे नियमित जमानत दिया जाना उचित है। हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत देते हुए कहा कि स्टूडेंट को अदालत की कार्यवाही में सहयोग करना होगा, बिना कारण तारीख नहीं लेनी होगी, हर सुनवाई पर उपस्थित रहना होगा। कोर्ट ने जमानत का दुरुपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी है।

## अंबेडकर अस्पताल अधीक्षक की याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल रायपुर में सीटी स्कैन मशीन और गामा कैमरा खरीदी और स्थापना से संबंधित कथित भ्रष्टाचार एवं सरकारी, सार्वजनिक कोष के दुरुपयोग के मामले में दोषी कर्मियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा के खिलाफ तत्कालीन संयुक्त निदेशक सह अधीक्षक की याचिका को यह कहते हुए खारिज किया कि किसी संभावित आरोपी के पास आपराधिक कार्यवाही शुरू होने से पहले अपनी बात रखे जाने का कोई निहित अधिकार नहीं होता, क्योंकि बीएनएस में एफआईआर दर्ज होने से पहले संभावित आरोपी को सुनवाई का अधिकार प्रदान नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता डॉ. विवेक चौधरी डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में संयुक्त निदेशक सह अस्पताल अधीक्षक के पद में कार्यरत थे। मुंबई की मेडिकल सर्विसेज कंपनी ने छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री को एक अत्याधुनिक न्यूक्लियर मेडिसीन डायग्नोस्टिक सेंटर स्थापित करने का एक टर्नकी प्रस्ताव दिया। मंत्री ने 10 मार्च 2018 को इस प्रस्ताव को याचिकाकर्ता के पास उनकी राय जानने के लिए भेजा। इसके बाद 16 मार्च 2018 को याचिकाकर्ता ने खरीदी के तरीके के संबंध में अपनी राय दी और यह भी सुझाव दिया कि इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत किया जाना चाहिए। इसके बाद शासन ने सीटी स्कैन और गामा कैमरा मशीन की खरीद और स्थापना में हुई अनियमितताओं के संबंध में रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष से कुछ जानकारी मांगी। इस मामले में अनियमितता होने की बात सामने आने पर जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच रिपोर्ट पर सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अगस्त 2021 को दोषी कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर करने की अनुशंसा की है। इसके खिलाफ तत्कालीन संयुक्त निदेशक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. चौधरी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। याचिका में जस्टिस बिभुदत्त गुरू की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मामले में निर्धारित कानून के दृष्टिकोण से किसी संभावित आरोपी के पास आपराधिक कार्यवाही शुरू होने से पहले अपनी बात रखने का कोई निहित अधिकार नहीं है, क्योंकि एफआईआर दर्ज होने से पहले संभावित आरोपी को सुनवाई का अधिकार प्रदान नहीं करता है।

## मीसा बंदी मामले में हाईकोर्ट ने कहा जेल जाना पर्याप्त नहीं, साबित करना जरूरी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि से जुड़े एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए याचिकाकर्ता की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आपातकाल के दौरान मीसा के तहत जेल जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि यह साबित करना जरूरी है कि हिरासत केवल राजनीतिक या सामाजिक कारणों से ही हुई हो। इस मामले में रायपुर निवासी 74 वर्षीय रामगुलाम सिंह ठाकुर ने दावा किया था कि वे 1975 के आपातकाल के दौरान छात्र नेता के रूप में आंदोलन में शामिल थे और उन्हें जेल में रखा गया था। इसी आधार पर उन्होंने वर्ष 2008 के नियमों के तहत सम्मान निधि की मांग की थी। लेकिन राज्य सरकार ने उनका आवेदन पहले ही निरस्त कर दिया था। सुनवाई दौरान सामने आया कि उनके खिलाफ 1974 से 1986 के बीच कई आपराधिक मामले दर्ज थे। इसी आधार पर उन्हें योजना के लिए अयोग्य माना गया। हाईकोर्ट ने भी इस तथ्य को सही ठहराते हुए कहा कि नियमों के अनुसार वही व्यक्ति पात्र होगा, जिसकी हिरासत केवल राजनीतिक या सामाजिक कारणों से हुई हो और जिसके खिलाफ कोई आपराधिक रिकार्ड न हो। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने संबंधित समिति के मूल फैसले को चुनौती नहीं दी, जिससे उनका पक्ष कमजोर हो गया। अंत में अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले में किसी तरह की कानूनी गलती या पक्षपात साबित नहीं हुआ है। इसलिए सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखते हुए कोर्ट ने अपील खारिज कर दी।

# जैसे ही जमीन खोदो निकल आते हैं नागराज!

## बुंदेलखंड के इस टीले में छिपा है 1000 साल पुराना रहस्य

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के ढाना गांव के पास स्थित पटनेश्वर धाम इन दिनों रहस्यमयी खोज को लेकर चर्चा में है। यहां जमीन की खुदाई में कलचुरी काल यानी 10वीं से 12वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां मिलने का दावा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही खुदाई शुरू होती है वहां नागराज निकलने लगते हैं, जिससे काम रोकना पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यहां कभी प्राचीन मंदिर या बस्ती रही होगी जो समय के साथ मिट्टी में दब गई। अगर इस क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीके से उत्खनन किया जाए तो कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक रहस्य सामने आ सकते हैं। वीर बुंदेलाओं की धरती कहे जाने वाले बुंदेलखंड का इतिहास सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है। यहां की मिट्टी, खंडहर और पुराने टीले आज भी बीते समय की कहानियां सुनाते हैं। सागर जिले के ढाना गांव के पास स्थित पटनेश्वर धाम इन दिनों एक रहस्यमयी वजह से चर्चा में है। यहां जमीन की खुदाई के दौरान लगातार प्राचीन मूर्तियां और पत्थर निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि ये मूर्तियां हजारों साल पुरानी हैं और संभवतः किसी प्राचीन मंदिर या बस्ती के अवशेष हैं। इस जगह को लेकर सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जैसे ही जमीन की खुदाई शुरू होती है, वहां से अचानक नाग देवता यानी सांप निकलने लगते हैं। इसी वजह से कई बार खुदाई का काम बीच में ही रोकना पड़ जाता है।

### पुरातत्व विशेषज्ञों ने बताई ऐतिहासिक संभावना

डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. नागेश दुबे बताते हैं कि ढाना और आसपास का क्षेत्र काफी प्राचीन है। उनके अनुसार 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच इस इलाके में कलचुरी शासकों का शासन रहा होगा और उन्होंने यहां शैव धर्म से जुड़े मंदिर भी बनवाए थे। डॉ. दुबे का मानना है कि जब ये मंदिर नष्ट हुए तो उनके अवशेष जमीन के अंदर दब गए और धीरे-धीरे टीले बन गए। यदि यहां वैज्ञानिक तरीके से पुरातात्विक उत्खनन किया जाए तो निश्चित रूप से कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवशेष सामने आ सकते हैं।



### खुदाई में मिल रही कलचुरी कालीन मूर्तियां

स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां खुदाई में जो मूर्तियां निकल रही हैं, उन्हें कलचुरी काल यानी 10वीं से 12वीं शताब्दी के आसपास का माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक इसका कोई आधिकारिक पुरातात्विक सर्वे नहीं हुआ है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह स्थान शोध का बड़ा विषय हो सकता है।

### नागराज कर रहे हैं खजाने की रखवाली?

बुंदेलखंड की लोक कथाओं में कहा जाता है कि जहां जमीन के अंदर धन या प्राचीन खजाना छिपा होता है, वहां सांपों का डेरा हो जाता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यहां भी कुछ ऐसा ही हो सकता है। इसी वजह से लोग इस जगह को लेकर श्रद्धा और डर दोनों महसूस करते हैं और अब कोई भी ज्यादा गहराई तक खुदाई करने की हिम्मत नहीं करता।

### कभी यहां बसा था पटना नाम का गांव

42 एकड़ जमीन के मालिक रज्जन चौबे बताते हैं कि जहां आज उनकी जमीन है, वहां पहले पटना नाम का एक बड़ा गांव हुआ करता था। यह गांव करीब 8 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ था। संभव है कि यहां कभी कोई प्राचीन मंदिर या मठ रहा हो, जो समय के साथ हमलों, पलायन या पानी की कमी जैसी वजहों से नष्ट हो गया और धीरे-धीरे मिट्टी में दब गया।

**तीन पीढ़ियों से चल रही अधूरी खुदाई-** रज्जन चौबे बताते हैं कि सबसे पहले उनके दादा ने यहां खुदाई करवाई थी। उस समय भी कई मूर्तियां निकली थीं, जिन्हें मंदिर के पास पीपल के पेड़ के नीचे रख दिया गया। इसके बाद उनके पिता ने भी खुदाई करवाई और उन्हें भी कई मूर्तियां मिलीं।

## इस कीड़े ने 11 दिन में बदला अपना चोला गुलाबी से हो गया हरा



**नई दिल्ली।** पनामा के ट्रॉपिकल जंगलों में वैज्ञानिकों ने एक बेहद दुर्लभ नजारा देखा है। स्मिथसोनियन ट्रॉपिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों को एक मादा कैटीडिड मिली, जिसका रंग गहरा गुलाबी था। आमतौर पर इस प्रजाति के कीड़े हरे रंग के होते हैं। साइंटिफिक नैचुरलिस्ट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कीड़े ने कैद में रहने के दौरान अपने रंग में बड़ा बदलाव किया। रिसर्च के चौथे दिन इसका गहरा गुलाबी रंग हल्का पड़ने लगा। हैरानी की बात यह है कि 11वें दिन तक यह कीड़ा अपनी प्रजाति के दूसरे हरे कीड़ों जैसा दिखने लगा। वैज्ञानिकों के लिए यह एक बड़ी खोज है, क्योंकि इससे पहले किसी कीड़े में एक ही लाइफ स्टेज में ऐसा रंग बदलते नहीं देखा गया। अब तक माना जाता था कि कीड़ों का गुलाबी होना एक खतरनाक म्यूटेशन है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com